THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

| DATE- / /2023<br>GRADE- 9 AB | TERM -1 [2023 -24 ]<br>HINDI [2ND Language] | Max marks- 80<br>Time – 3 HR |
|---|---|---|

सामान्य निर्देश-

1-इस प्रश्नपत्र के दो खंड हैं-'अ' एवं 'ब'

2-दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

3-खंड 'अ' में बहु-विकल्पात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।

4-खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।

5-यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः एवं निर्देशानुसार शब्द-सीमा में लिखें।

6-उत्तर स्पष्ट एवं सुंदर लेख में लिखने का प्रयास करें।

( खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न 1-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1×5=5)

(1) 'दुविधा' किसकी सबसे बड़ी दुश्मन है?

क- असफलता की

**ख- आत्मविश्वास की**

ग- हतोत्साहियों की

घ- निराशावादियोंकी

(2) गद्यांश में आए 'असफलता' पद में प्रयुक्त उपसर्ग और प्रत्यय हैं-

क- अल+ता  ख- अस+ता

**ग- अ+ता**  घ- फल+ता

(3) 'आत्म गौरव और आत्मविश्वास' की भावना कहाँ खंडित होने का भय रहता है?

क- अपनी निंदा सुनने पर

ख- अपने देश की निंदा सुनने पर

ग - अपने कुल की निंदा सुनने पर

घ- उपर्युक्त सभी

(4) इस गद्यांश के सूत्र के अनुसार किन-किन लोगों के संपर्क से दूर रहना चाहिए?

क- निराशावादियों के  ख- हतोत्साहियों के

ग-डरपोक व्यक्तियों के।  घ- उपर्युक्त सभी के

(5) मित्र को किसने विश्वासहीन कर दिया?

क-भय ने      ख-घबराहट ने

ग-बंदूकधारी ने      घ-शिकारी ने

प्रश्न 2-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (1×5=5)

(1) जीवन में नीचा किसे देखना पड़ता है?

क-पक्षपाती को      ख-अहसान न मानने वाले को

ग-घमंड को      घ-गरीब को

(2) खुदी, अहंकार और घमंड-ये सभी क्या हैं?

क-सगुण के भिन्न-भिन्न नाम

ख-दुर्गुण के भिन्न-भिन्न नाम

ग-अहंकारी के भिन्न-भिन्न नाम

घ-अपराधी के भिन्न-भिन्न नाम

(3) घमंडी व्यक्ति की तुलना किससे की गई है?

क-ड्रम से      ख-लोटे से

ग-ढोल से      घ-घड़े से

(4) ................मानना मूर्खता और बुद्धिहीनता का सूचक है-

क-अपने को सर्वथा शून्य तथा दूसरों को सर्वगुण संपन्न

ख-अपने साथ दूसरों को भी सर्वगुण संपन्न

ग-दूसरों को अपमानित करके स्वयं को उचित

घ-अपने को सर्वगुण संपन्न तथा दूसरों को सर्वथा शून्य

(5) थोथी बातों से तात्पर्य ऐसी बातों से है, जिनमें-

क-मज़ा नहीं आता      ख-सार तत्व नहीं होता

ग-एक ही तथ्य को बार-बार कहा जाता है      घ-बातों को बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किया जाता है

प्रश्न 3 -निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- (1×5 =5 )

(क) ‘पुस्तक’ क्या है?

अ - शब्द।      ब-पद

स- दोनों      द- वर्ण

(ख) स्वतंत्र एवं सार्थक वर्णों का समूह है-जो वाक्य में प्रयोग होने पर ……. बन जाता है।

अ-शब्द    ब-पद

स-समास    द-संधि

(ग) राम ने <u>रावण</u> का वध किया। रेखांकित को कहेंगे ।

अ. शब्द    ब . पद    स . पदबंध    द . क्रिया

(घ) 'शब्द' की परिभाषा है क्या है ?

अ .वर्णों का समूह शब्द कहलाता है।

ब .स्वतंत्र ध्वनि समूह शब्द कहलाते हैं

स. स्वतंत्र, सार्थक ध्वनि समूह शब्द कहलाते हैं।

द दो या दो से अधिक वर्णों का समूह शब्द कहलाता है

(ड) पद की परिभाषा है क्या है ?

अ . वाक्य से इतर शब्द पद कहलाता है।

ब . वाक्य में प्रयुक्त शब्द पद कहलाते हैं।

स . व्याकरण से परे रहकर शब्द पद बन जाते हैं

द . शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त नहीं होते तब पद कहलाते हैं

प्रश्न 4 -निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- (1×5 =5 )

(क) 'रात-दिन' में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है?

अ-विवरण चिह्न    ब-योजक चिह्न

स-निर्देशक चिह्न    द-लाघव चिह्न

(ख) विस्मयबोधक चिह्न कौन-सा है?

अ- "........"    ब -ः

स- !    द- ;

(ग) विराम-चिह्नों के सही प्रयोग वाला वाक्य चुनकर लिखिए-

अ-वाह! कमाल हो गया?

ब-सारा-सारा दिन खेलकर थकते नहीं हो क्या?

स-बाहर से दो-तीन कुर्सियाँ-मेजें; उठा लाओ।

द-अरे! अब तक कहाँ थे;

(घ) निम्नलिखित वाक्य में किन-किन विराम-चिह्नों का प्रयोग हुआ है?

मित्र! एक अच्छा दिन बिताने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

अ-विस्मयवाचक, योजक एवं पूर्णविराम

ब-विस्मयवाचक, अल्प एवं पूर्ण विराम

स-उपविराम, योजक एवं पूर्ण विराम

द-हंसपद, योजक एवं पूर्ण विराम

(ड) विराम चिन्ह का प्रयोग रूपों में किया जाता है -

(अ) वाक्य के मध्य में | (ब) वाक्य के अंत में

(स) (क) और (ख) दोनों सही | (द) (क) और (ख) दोनों गलत

प्रश्न 5 -निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- (1×6 =6 )

(क) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य 'आज्ञावाचक' नहीं है?

अ-पुस्तकें निकालो। ब-अंदर आ जाओ ।

स-सीधे बैठो। द-सारे बच्चे मन लगाकर पढ़ रहे हैं।

(ख) निम्नलिखित में से 'निषेधात्मक' या 'नकारात्मक' वाक्य चुनकर लिखिए-

अ-सब बाहर निकल जाएँ। ब-क्या मैं अंदर आ सकता हूँ?

स-लगता है आज बारिश होगी। द-मैं आज विद्यालय नहीं जाऊँगा।

(ग) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य विधानवाचक है?

अ-तालाब में कमल खिल रहे हैं। ब-यदि तुम आओगे, तभी मैं चलूँगा।

स-लगता है, सब सो गए हैं। द-वह पढ़ नहीं रहा होगा।

(घ)निम्नलिखित में से संकेतवाचक वाक्य छाँटकर लिखिए ।

अ . पढ़ने के अतिरिक्त वह लिखता भी है । ब . मुझे वह पुस्तक उठा कर दो।

स . अगर तुम आती तो हम बाज़ार चलते। द . हो सकता है वह बाज़ार गया हो।

**ड . निम्नलिखित वाक्यों में इच्छावाचक वाक्य का विकल्प चुनिए ।**

अ . आशंका निर्मूल नहीं थी ? ब . वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर खरबूज़े बेचने बैठ गई ।

स . ये कब तक टिकेंगे ? द . तुम लौट जाओ अतिथि ! इसी में तुम्हारा देवत्व सुरक्षित रहेगा।

च **निम्नलिखित वाक्यों में से प्रश्नवाचक वाक्य छाँटकर लिखिए ।**

अ . अमन नहीं खेलता । ब . आज तुम्हारे साथ कौन था ?

स . मोहन ने खाना नहीं खाया। द . परिश्रम करने पर राधा प्रथम आती है।

प्रश्न 6 -निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (×5=5)

अग्निपथ अग्निपथ अग्निपथ।

वृक्ष हों भले खड़े,

हों घने हों बड़े,

एक पत्र छाँह भी,

माँग मत, माँग मत, माँग मत,

अग्निपथ अग्निपथ अग्निपथ।

तू न थकेगा कभी,

तू न रुकेगा कभी,

तू न मुड़ेगा कभी,

कर शपथ, कर शपथ, कर शपथ,

अग्निपथ अग्निपथ अग्निपथ।

1-कविता के कवि कौन हैं?

अ-हरिनारायण ब-हरिवंश राय

स-हितवंश राय द-हरीशचंद्र राय

2-कवि के अनुसार 'अग्नि-पथ' का अर्थ है?

अ-जिस रास्ते पर आग लगी हो ब-संघर्ष पूर्ण जीवन

स-आग से सना हुआ रास्ता द-इनमें से कोई नहीं

3-कवि के अनुसार मनुष्य की असली परीक्षा कब होती है?

अ-कठिन समय में ब-परीक्षा भवन में स-जीवन के अंत में द-इनमें से कोई नही

4-कवि के अनुसार मनुष्य के कठिन समय में यदि कोई मदद का हाथ बढ़ाता है तो उसे क्या करना चाहिए?

अ-कठिन समय में मदद ले लेनी चाहिए ब-कठिन समय में किसी की मदद नहीं लेनी चाहिए

स-उसका हाथ थाम लेना चाहिए द-इनमें से कोई नहीं

5-कवि के अनुसार कठिन रास्ते पर चलने का फैसला करने वाले मनुष्य को क्या प्रतिज्ञा करनी चाहिए?

अ-वह कभी थकेगा नहीं ब-वह कभी रुकेगा नहीं स-वह कभी पीछे मुड़ कर देखेगा द-उपरोक्त सभी

प्रश्न 7 -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1×2=2)

1 -रहीम के अनुसार किसके बिना जीवन अधूरा है -

1- सूर्य ब-जल स-शत्रु द-दोस्त

2 -रहीम के अनुसार हिरन किस पर रीझ कर अपनी जान दे देता है?

अ-संगीत की आवाज़ पर ब-शिकारी की आवाज़ पर

स-मोरों की आवाज़ पर द-इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 8 -निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- 5=5)

तुम जहाँ बैठे निस्संकोच सिगरेट का धुआँ फेंक रहे हो, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर है। देख रहे हो ना! इसकी तारीखें अपनी सीमा में नम्रता से फड़फड़ाती रहती हैं। विगत दो दिनों से मैं तुम्हें दिखाकर तारीखें बदल रहा हूँ। तुम जानते हो, अगर तुम्हें हिसाब लगाना आता है कि यह चैथा दिन है, तुम्हारे सतत आतिथ्य का चैथा भारी दिन! पर तुम्हारे जाने की कोई संभावना प्रतीत नहीं होती।

लाखों मील लंबी यात्रा करने के बाद वे दोनों एस्ट्रॉनॉट्स भी इतने समय चाँद पर नहीं रुके थे, जितने समय तुम एक छोटी-सी यात्रा कर मेरे घर आए हो। तुम अपने भारी चरण-कमलों की छाप मेरी ज़मीन पर अंकित कर चुके, तुमने एक अंतरंग निजी संबंध मुझसे स्थापित कर लिया, तुमने मेरी आर्थिक सीमाओं की बैंजनी चट्टान देख ली; तुम मेरी काफ़ी मिट्टी खोद चुके। अब तुम लौट जाओ, अतिथि! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय अर्थात हाईटाइम है। क्या तुम्हें तुम्हारी पृथ्वी नहीं पुकारती?

1.लेखक को अतिथि को देखकर अंतरिक्ष यात्री की याद क्यों आ गई?

(अ) अतिथि भी एक अंतरिक्ष यात्री था

(ब) अंतरिक्ष यात्री लाखों मील का सफर करके भी इतने दिन अंतरिक्ष में नहीं ठहरता जितना अतिथि उनके घर में ठहर रहा था |

(स) अतिथि अंतरिक्ष में जाने की बातें करता था

(द) लेखक उनको अंतरिक्ष के किस्से सुनाना चाहता था।

2- लेखक का बटुआ अंदर ही अंदर क्यों काँपने लगा?

(अ) लेखक के बटुए में वाइब्रेशन हो रही थी (ब)- लेखक के हाथ काँपने के कारण

(स) लेखक का बजट गड़बड़ा गया था। (द) इनमें से कोई नहीं।

3- 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ में लेखक ने कैसे लोगों पर व्यंग्य किया है?

(अ) राजनेताओं पर

(ब) फिल्म निर्माताओं पर

(स) ऐसे अतिथियों पर जो आकर जाने का नाम नहीं लेते

(द) शिक्षा व्यवस्था पर

4- अतिथि कितने दिनों से लेखक के घर में रह रहा है?

(अ) पाँच दिनों से (ब) चार दिनों से (स) तीन दिनों से (द) छह दिनों से।

5- लेखक अतिथि को देखकर तारीखें क्यों बदल रहा था?

(अ) लेखक का तारीख बदलने का निश्चित नियम था

(ब) वह अतिथि को तारीख बदलने वाला कैलेंडर दिखाना चाहता था

(स) वह अतिथि को अपने कार्यक्रम के बारे में बताना चाहता था

(द) वह अतिथि को यह बताना चाहता था कि उन्हें लेखक के घर आए कितने दिन हो गए।

प्रश्न 9 -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- (1×2=2)

1-पुत्र वियोग में संभ्रांत महिला की स्थिति क्या हो गई थी? पाठ 'दुख का अधिकार' के आधार पर बताइए।

अ-उन्हें पंद्रह-पंद्रह मिनट बाद मूर्छा आ जाती थी

ब-आँखों से आँसू नहीं रुकते थे

स-दो डॉक्टर हरदम उनकी निगरानी किया करते थे

द-उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं

2-लेखक के लिए कौन-सा आघात अप्रत्याशित था?

अ-अतिथि का सिनेमा देखने जाने की कहना

ब-अतिथि का धोबी को कपड़े देने की कहना

स-अतिथि का घर वापस जाने की कहना

द-अतिथि का पकवान खाने की कहना

(खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 10 -निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3×2=6)

**(क)** भारतीय संस्कृति में अतिथि को देवता माना गया है जिसका स्वागत करना हर मनुष्य का कर्तव्य होता है। इस देवता और अतिथि को साथ रहने में यह परेशानी है कि देवता दर्शन देकर चले जाते हैं, परंतु आधुनिक अतिथि रूपी देवता मेहमान नवाजी का आनंद लेने के चक्कर में मनुष्य की परेशानी भूल जाते हैं। जिस मनुष्य की आर्थिक स्थिति अच्छी न हो उसके लिए आधुनिक देवता का स्वागत करना और भी कठिन हो जाता है।

**(ख)** बुढ़िया के जवान बेटे को साँप ने डॅस लिया था। ओझा से झाड़-फेंक करवाने और नागपूजा के बाद दान-दक्षिणा देने में घर का अनाज और आटा चला गया। उसके कफ़न के इंतजाम में साधारण जेवर भी बिक गए। भूख से बिलबिलाते पोते पोतियों और बीमार बहू की भूख शांत करने की विवशता में उसे सूतक में भी खरबूजे बेचने आना पड़ा।

**(ग)** अतिथि जब लेखक के यहाँ चौथे दिन भी रुका रह गया तो लेखक के मन में जैसा उत्साह और रुचि थी वह सब समाप्त हो गया। उसने विविध विषयों पर बातें कर लिया था। अब और बातों का विषय शेष न रह जाने के कारण दोनों के बीच चुप्पी छाई थी। यह चुप्पी अब सौहार्द की जगह बोरियत का रूप लेती जा रही थी।

प्रश्न 11 -निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3×2=6)

**(क)**रहीम ने 'प्रेम संबंधों के बारे में कहा है, क्योंकि प्रेम संबंधों की डोर बड़ी नाजुक होती है। एक बार टूट जाने पर जब इसे जोड़ा जाता है तो मन में मलिनता और पिछली बातों की कड़वाहट होने के कारण एक गाँठ-सी बनी रहती है।

**(ख)चित्रकूट में लोग** विपत्ति के समय **जाते है |** चित्रकूट में राम को शरण लेना पड़ा क्योंकि वे अपने पिता के वचनों के पालन के लिए लक्ष्मण और सीता के साथ वनवास जा रहे थे। वनवास को कुछ समय उन्होंने चित्रकूट में बिताया था।

**(ग)**इस दोहे में रहीम ने पानी को तीन अर्थों में प्रयोग किया है। पानी का पहला अर्थ मनुष्य के के लिए लिया गया है जब इसका मतलब विनम्रता से है। रहीम कह रहे हैं कि मनुष्य में हमेशा विनम्र (पानी) होना चाहिए। पानी का दूसरा अर्थ आभा, तेज या चमक से है जिसके बिना मोती का कोई मूल्य नहीं। पानी का तीसरा अर्थ जल से है जिसे आटे (चून) से जोड़कर दर्शाया गया है। रहीम का कहना है कि जिस तरह आटे का अस्तित्व पानी के बिना नम्र नहीं हो सकता और मोती का मूल्य उसकी आभा के बिना नहीं हो सकता है, उसी तरह मनुष्य को भी अपने व्यवहार में हमेशा पानी (विनम्रता) रखना चाहिए जिसके बिना उसका जीवन जीना व्यर्थ हो जाता है।

प्रश्न 12 -निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए- (3×2=6)

**(क) छात्र के मतानुसार |**

**(ख) कुँए में एक भयंकर कला सांप था |** लेखक को इसका अनुमान अपने वानर टोली के साथ एक बार कुँए में देला फेंकते समय हुआ , जिसके बाद यह नित्य का विनोद बन गया |

**(ग) -कुए में धेला फेंकना निय का अभ्यास था और इसी तरह पत्र ले जाते समय भी टोपी को हाथ में निकालकर धेला फेंका गया परतु उसी समय टोपी के नीचे रखा गया पत्र भी कुए में गिर जाता है जिसके अन्दर अति भयंकर कला सांप रहता था |**

## लेखन

प्रश्न 13 -संकेत बिंदुओं के आधार पर तीन में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (6अंक)

- विषय प्रस्तुतीकरण
- व्याकरण शुद्धि
- वाक्य संरचना शैली

प्रश्न 14 - विषय प्रस्तुतीकरण

- व्याकरण शुद्धि
- वाक्य संरचना शैली
- प्रारूप

प्रश्न 15 -चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/घटना का कल्पनाशक्ति से लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से चित्र से ही संबद्ध होना चाहिए। (5 अंक)

- विषय प्रस्तुतीकरण
- व्याकरण शुद्धि
- वाक्य संरचना शैली

प्रश्न 16 - विषय प्रस्तुतीकरण

- व्याकरण शुद्धि
- वाक्य संरचना शैली
- भाषा शुद्धि